# कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0

गौरवगढ़, वार्ड संख्या 04, किशनपुर रोड, सुपौल

सं0:के.डी.यू.एस.एस.एल:विप0:निविदा: 3067 दिनांक: 19/09/2026

**दीवार पेंटिंग हेतु निविदा आमंत्रण**

**निविदा सूचना (सं0 ...../2026)**

कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, सुपौल के विभिन्न विपणन क्षेत्रों जैसे सुपौल, सहरसा, मधेपुरा इत्यादि में दीवार/दुकान पेंटिंग अनुमानतः 128000 वर्ग फीट (विस्तृत विवरण संलग्न – अनुलग्नक–02) के कार्य हेतु सभी इच्छुक एडवरटाईजिंग एजेन्सी/पेन्टरों से दर अनुबन्ध हेतु निविदा (दर/कोटेशन) आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत निविदा दस्तावेज हमारे वेबसाइट www.supauldairy.com से डाऊनलोड कर सकते है। वेबसाइट से निविदा डाउनलोड की स्थिति में निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 1000/–(एक हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के नाम जो सुपौल मे भुगतेय हो निविदा प्रपत्र मूल्य के मद में निविदा के साथ संलग्न करके भेजना होगा। विधिवत हस्ताक्षरित, मुहर लगी और भरे हुए निविदा दस्तावेज दिनांक 08.10.2026 अपराहन 5:00 बजे या उससे पहले तक सीलबंद लिफाफा जिसमें "दीवार पेंटिंग दर अनुबन्ध के लिए निविदा" एवं नियत तिथि 08.10.2026 अंकित हो, संघ के कार्यालय में कुरियर/रजिस्ट्री के माध्यम से निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता है:

पता : प्रबंध निदेशक, कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गौरवगढ़ वार्ड संख्या 04, किशनपुर रोड, जिला–सुपौल (बिहार), पिन – 852131

सीलबंद निविदा/प्रस्ताव दिनांक 09.10.2026 को हमारे कार्यालय में अपराह्न 2:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उनके प्रतिनिधि, जो शामिल होना चाहते हों, के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा खोलने के उपरान्त किसी भी संशोधन पर विचार नहीं करेंगे तथा निविदा शर्तों के अनुरूप नहीं होने पर खारिज कर दिया जाएगा। इसलिए निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा को पूर्ण रूप से संतुष्ट होकर निविदा दस्तावेज के आवश्यकता अनुसार, सामान्य नियम व शर्तों और आपूर्ति की अनुसूची के अनुपालन के सभी खंडों के लिए अपनी सहमति देते हुए जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निविदा से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र, अद्यतन स्थिति आदि केवल हमारे वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जायेंगे और न ही किसी अन्य मीडिया या अखबार में इसलिए निविदाकर्ता नियमित रूप से हमारे वेबसाइट पर जाँच करें।

18/09/26

**प्रबन्ध निदेशक**

प्रति0 : सूचना पट्

: स०महा प्रबन्धक/प्रबन्धक(विपणन) कॉम्फेड, पटना।

: प्रबन्ध निदेशक– भी0 पी0 एम0 यू0, पटना/डी0 आर0 एम0 यू0, बरौनी/तिमूल, मुजफ्फरपुर/मदुस, समस्तीपुर/बिक्रमशीला दुग्घ संघ, भागलपुर/मगध दुग्ध संघ, गया/ शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा।

: मुख्य कार्यपालक– जमशेदपुर डेयरी, जमशेदपुर/कोशी डेयरी प्रोजेक्ट, पूर्णिया/ बिहारशरीफ डेयरी प्रोजेक्ट, नालंदा/बोकारो डेयरी, बोकारो/राँची डेयरी, राँची।

# कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

## निविदा जमा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश

1. निविदादाता को दीवार पेंटिंग का पूर्व अनुभव होना अनिवार्य है। निविदादाता इस संबंध में जारी कार्यादेश का प्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।।

2. निविदादाता को रु० 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 सुपौल" में देय हो, निविदा प्रपत्र मूल्य के मद में निविदा के साथ संलग्न करके भेजना होगा अथवा निविदादाता संघ कार्यालय से 1000/- रुपये जमा करके निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। जिसका रसीद निविदा के साथ संलग्न करके भेजना होगा।

3. निविदादाता को रु० 5000/- (पाँच हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 सुपौल" में देय हो, अग्रधन/सुरक्षा राशि के मद में निविदा के साथ संलग्न करके भेजना होगा। जिसे निविदा समाप्त होने के उपरान्त वापस कर दिया जायेगा।

4. निविदा स्वीकृति होने पर कार्य आवंटन के उपरान्त रु० 20000/- (बीस हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमानत राशि के रूप में जमा कराना होगा, जो "कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 सुपौल" के पक्ष में देय होगा, जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर जमानत की राशि आपको अनुबंध खत्म होने पर वापस कर दी जाएगी।

5. निविदादाता को निविदा के साथ जीएसटी एवं पैन का छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

6. दीवार पेंटिंग करने से पहले अच्छी तरह रगड़ कर साफ करने के पश्चात स्वीकृत डिजाइन के अनुरूप ब्रांडेड पेंट करना होगा।

7. पेंटिंग का दर प्रति वर्गफीट कोट करना होगा।

8. दर अनुबंध कार्य आवंटन की तिथि से एक साल तक मान्य होगा ।

9. संघ अपने आवश्यकतानुसार उपरोक्त वर्णित क्षेत्रफल के अनुसार पेंटिंग का कार्य कराएगी ।

10. पेंट का दर रंग आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है एवं निर्देशानुसार कोसी दुग्ध संघ के विभिन्न दुग्ध विपणन शहरों एवं कस्बों में जाकर करना होगा ।

11. कार्य आवश्यकतानुसार एवं निर्देशानुसार कोसी दुग्ध संघ के विभिन्न दुग्ध विपणन शहरों एवं कस्बों में जाकर करना होगा।

12. दूसरे शहरों एवं कस्बों में जाने का परिवहन या कोई अन्य खर्च देय नहीं होगा ।

13. उक्त समय के अन्तराल में पेंट मूल्य में परिवर्तन होने की स्थिति में निर्धारित दर में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

14. आवंटित कार्यों का क्रमशः समाप्ति के पश्चात विपत्र प्रस्तुत करने के 30 दिनों के अन्दर भुगतान एकाउन्ट पेयी चेक द्वारा किया जाएगा।

15. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व डेयरी में दो सैम्पल पेंटिंग किया जाएगा जिसके अनुरूप ही आवंटित स्थल पर कार्य किया जायेगा।

16. निविदादाता संलग्न अनुलग्नक-01 में वर्णित विहित प्रपत्र के अनुरूप ही अपना पूर्ण विवरण एवं दर भरके संघ को प्रेषित करेंगे।

17. कार्य का आवंटन एक से अधिक निविदाताओं को भी किया जा सकता है।

18. समय सीमा के भीतर कार्य करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवंटन रद्द किया जा सकता है एवं आवंटन रद्द करते हुए जमानत राशि जब्त की जा सकती ळें

19. संघ बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से रद्द अथवा संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

# कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

## अनुलग्नक 1

## फार्म भरने हेतु विहित प्रपत्र

1. निविदाकर्ता का नाम :–
2. निविदाकर्ता का पता :–
3. मोबाईल नं. :–
4. इमेल आइडी :–
5. आधार कार्ड सं. :–
6. जीएसटी नं. :–

   (छायाप्रति संलग्न करें :–
7. पैन नं. :–
8. कार्य का अनुभव वर्ष :–
9. निविदा प्रपत्र शुल्क का विवरण :–
   डिमाण्ड ड्राफ्ट /रसीद नं. :–
   (मूल प्रति संलग्न करें) :–
   डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद का दिनांक :–
   डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद का रकम :–
10. अग्रधन राशि का विवरण
    डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद नं. :–
    (मूल प्रति संलग्न करें)
    डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद का दिनांक :–
    डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद का रकम :–
11. दर का विवरण :–

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | इकाई | प्रति वर्ग फीट (सभी कर सहित) रुपये में |
|---|---|---|---|
| 01 | दीवार/दुकान शट्टर पेंटिंग सहित | प्रति वर्ग फीट | |

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर

# कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

## अनुलग्नक 2

| क्र०सं० | स्थान / कार्य | राज्य | क्षेत्रफल (लगभग) |
|---|---|---|---|
| 01. | सुपौल | बिहार | 40200 वर्ग फीट |
| 02. | सहरसा | बिहार | 46000 वर्ग फीट |
| 03. | मधेपुरा | बिहार | 41800 वर्ग फीट |

कुल – 128000 वर्गफीट